तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 23 अगस्त 2025

12 डीके कॉलेज में हुई स्किल डवलपमेंट ट्रेनिंग, ...



14 अग्रवाल महिला मंडल ने मनाया जन्माष्टमी...





## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने दिव्यांगों को वितरित किया सहायक उपकरण



**बलौदाबाजार** | कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा 8 दिव्यांगों को व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र सहायक उपकरण वितरित किया। बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम कसियारा निवासी राधा बाई पटेल, लाहोद निवासी धनंजय देवांगन एवं बलौदाबाजार शहर निवासी कुबीना साहू, विकासखण्ड पलारी के ग्राम बिनौरी निवासी लकेश्वर फेकर एवं अजय कुमार धीवर को व्हीलयेयर प्रदान किया गया। इसी तरह बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम लाहोद निवासी चंदकुमार पटेल, भाटापारा विकासखंड के ग्राम बिजराडीह बाबूराम यदू एवं नगर पंचायत पलारी निवासी आशाराम साहू को श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया।

### सिमगा एसडीएम से की सौजन्य मुलाकात



हथबंद। मंडल के मीडिया प्रभारी प्रकाश पाल व जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम अतुल कुमार शेटे से सौजन्य मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं विकास कार्यों, या अन्य ▸▸ शेष पेज 12 पर

# स्वाट टीम को मिला प्रशिक्षण, आकस्मिक स्थितियों में तुरंत एक्शन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले में किसी भी आकस्मिक स्थिति या कानून व्यवस्था की समस्या से त्वरित और प्रभावी ढंग से निपटने के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा एक विशेष स्वाट टीम का गठन किया गया है। 22 अगस्त को प्रातः 7 बजे पुलिस लाइन बलौदाबाजार में स्वाट टीम के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें टीम के सभी सदस्यों को टैक्टिकल ऑपरेशंस से जुड़ी आधुनिक तकनीकों और उपायों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कोई भी आपात स्थिति आने पर स्वाट टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए आवश्यक सुरक्षा प्रबंध कर सके। प्रशिक्षण सत्र में जिले के विभिन्न थाना-चौकियों से चयनित अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। स्वाट टीम को प्रशिक्षण के दौरान हैंड स्टन ग्रेनेड, डाई मार्कर और शॉर्ट रेंज सेल (अश्रु गैस) के उपयोग के बारे में व्यावहारिक जानकारी और डेमोंस्ट्रेशन दिया गया। प्रशिक्षकों ने इन उपकरणों के प्रयोग की प्रक्रिया, सावधानियों और प्रभावशीलता पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। सभी सदस्यों को सिखाया गया कि किस परिस्थिति में कौन सा उपकरण प्रयोग में लाना अधिक उपयुक्त होगा ताकि कानून व्यवस्था पर नियंत्रण प्रभावी रूप से किया जा सके।

## एसपी के निर्देशन में पुलिस का विशेष प्रशिक्षण अभियान



### टीम की भूमिका और महत्व

स्वाट टीम का गठन पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में किया गया है। टीम का मुख्य उद्देश्य जिले में किसी भी संवेदनशील स्थिति या भीड़ नियंत्रण, आतंकी खतरे, उपद्रव या आपातकालीन घटनाओं में तुरंत कार्रवाई करना है। इस टीम को विशेष रूप से इस तरह तैयार किया जा रहा है कि वे तेज निर्णय क्षमता और बेहतर फील्ड कॉम्बैट स्किल्स के साथ कार्य कर सकें। पुलिस प्रशासन का मानना है कि इस तरह की टीम का गठन शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर साबित होगा।

## आंदोलन : 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार पर दबाव

# कर्मचारियों ने किया कलमबंद आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

- जोरदार धरना-प्रदर्शन में फेडरेशन ने आंदोलन को और तेज करने की दी चेतावनी



छत्तीसगढ़ आधिकारिक कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित दशहरा मैदान में सामूहिक अवकाश लेकर काम बंद-कलम बंद आंदोलन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में शासकीय कर्मचारियों ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन में भाग लिया। आंदोलन के माध्यम से कर्मचारियों और पेंशनरों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाते हुए 11 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से रखा गया।

धरना स्थल पर फेडरेशन के सचिव मनोज कुमार दुबे ने कहा कि प्रदेश के शासकीय सेवक लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्षरत हैं, लेकिन सरकार ने अब तक ठोस पहल नहीं की है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों और पेंशनरों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

धरना-प्रदर्शन में जिले की विभिन्न यूनियनों और संगठनों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने एक स्वर में सरकार से शीघ्र निर्णय लेकर कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने की अपील की।

धरना स्थल पर प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, जिला संयोजक डॉ. एल.एस. ध्रुव, उपाध्यक्ष इंजी. बी.के. सिरमौर, प्रकारा कुमार तिवारी, संतोष साहू, कामता जांगड़े, विजय साहू, महासचिव अविनाश तिवारी, कोषाध्यक्ष वायल राबर्ट, सचिव मनोज दुबे, संगठन सचिव विनोद कांत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

धरना-प्रदर्शन के दौरान रखी गई प्रमुख मांगों में शामिल हैं, जिनमें कर्मचारियों एवं पेंशनरों को महंगाई भत्ता (**DA**) तत्काल प्रभाव से प्रदान किया जाए। वर्ष 2019 से लंबित एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाए। पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। 16, 24 और 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर पदोन्नत वेतनमान लागू किया जाए। सहायक शिक्षक और सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान की स्वीकृति दी जाए । अन्य भाजपा शासित राज्यों की तर्ज पर कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू की जाए। अनुकंपा नियुक्ति के लिए स्थायी आदेश जारी कर 10 प्रतिशत सीमा को समाप्त किया जाए। अर्जित अवकाश का 300 दिवस तक नगदीकरण दिया जाए। पुरानी पेंशन बहाली हेतु स्पष्ट नीति बनाकर एनपीएस खाते में कटौती तिथि से सेवा गणना की जाए। कर्मचारियों की कमी को देखते हुए सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष की जाए। संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का शीघ्र नियमितीकरण किया जाए।

# पेंड्री से ट्रक चोरी करने वाला हुआ गिरफ्तार, साथी फरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

- सीसीटीवी और साइबर सेल की मदद से पुलिस को मिली सफलता
- अपराध में इस्तेमाल की गई कार व 3 मोबाईल जब्त

ग्राम पेंड्री से ट्रक चोरी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से चोरी हुआ टाटा कंपनी का ट्रक, चोरी में प्रयुक्त डस्टर कार, और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन और ग्रामीण थाना टीआई लखेश केंवट की अगुवाई में की गई। जानकारी के अनुसार, प्रार्थी अब्दुल कादर खान निवासी बजरंग वार्ड ने 11 अगस्त को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी ▸▸ शेष पेज 12 पर



### ऐसे हुआ ट्रक चोरी का खुलासा

महाकाली पेट्रोल पंप के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने आरोपी की पहचान की। साइबर सेल की तकनीकी जांच और फुटेज के बारीकी से विश्लेषण के बाद आरोपी निसार अहमद तक पहुंचा गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे मध्य प्रदेश के मंडला से गिरफ्तार किया।

### आरोपी की तलाश जारी

पुलिस ने बताया कि ट्रक चोरी की वारदात में एक से अधिक लोग शामिल थे। मुख्य आरोपी निसार अहमद की गिरफ्तारी के बाद फरार अन्य आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही बाकी आरोपियों को भी पकड़ लिया जाएगा और पूरे गिरोह का खुलासा किया जाएगा।



## खबर संक्षेप



### स्कूल में हुआ न्यौता भोज

**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला असौंदा में व्याख्याता पोषण लाल वर्मा ने अपने जन्मदिन पर बच्चों को न्यौता भोज कराया। कार्यक्रम में करीब 240 बच्चों को दाल, चावल, सब्जी, आचार, पापड़, खीर और पुरी परोसी गई। विद्यालय स्टाफ व अतिथियों ने स्वयं बच्चों को भोजन परोसा, जिससे वातावरण आनंदमय हो गया। प्रधानपाठक नेवारन दास गायकवाड़ ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों को पौष्टिक भोजन मिल रहा है। संकुल प्राचार्य व शिक्षकों ने इसे बच्चों की बौद्धिक क्षमता व स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया।

### 24 को बलौदाबाजार में मनाया जाएगा विश्व आदिवासी दिवस

**बलौदाबाजार।** सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई बलौदाबाजार की बैठक में निर्णय लिया गया कि 24 अगस्त 2025, रविवार को जिला ऑडिटोरियम भवन बलौदाबाजार में जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के साथ सर्व समाज की भागीदारी होगी। बैठक में बताया गया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे बड़ादेव/बूढ़ादेव की पूजा-अर्चना से होगा, जिसके बाद विशाल रैली ऑडिटोरियम से नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी। रैली में सुवा, कर्मा व अखरा दलों द्वारा पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री रामविचार नेताम, टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं व समाज के प्रतिभावान व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा तथा वृक्षारोपण हेतु पौधों का वितरण होगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए जिले के पांचों ब्लॉक और 754 ग्राम की इकाइयों को व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने निर्देश दिए गए हैं। यह दिवस न केवल समाज की गौरवशाली परंपरा को उजागर करेगा बल्कि एकता और संस्कृति के संरक्षण का भी संदेश देगा।

### हायर सेकंडरी के छात्रों ने किया पौधारोपण



**खरोरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलदार सिवनी में पुष्प पौध रोपण, प्राचार्य ईशा रानी खलखो व व्याख्याता हरीश देवांगन के निर्देशन में किया गया। इसमें गुड़हल पीला, लाल, मिर्ची सफेद , गुलाबी रंग का गुलाब प्रमुख प्रकार है। पुष्प पौधा रोपण के पश्चात छात्रों ने सुरक्षा की शपथ ली। छात्रों में प्रमुख रूप से गौरव टंडन, दीपांशु रात्रे, निखिल धृतलहरे, रुद्र टंडन, विक्की पाटले, हरीश वर्मा, हर्ष वर्मा, राहुल धीवर, सूरज वर्मा का सहयोग रहा।

## पेज 11 के शेष

### पेंड्री से ट्रक...

कि वह मावली रोड लाइंस में सुपरवाइजर है। एक ट्रक (नंबर सीएच 22 जे 0860) 1 अगस्त को महाकाली पेट्रोल पंप परिसर में खड़ा किया गया था, लेकिन 11 अगस्त को ट्रक गायब मिला। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और तकनीकी विश्लेषण कर आरोपी निसार अहमद उर्फ सरवर (68 वर्ष), निवासी मंडला (मप्र) को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने चोरी स्वीकार की, जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया चल रही है।

### सिमगा एसडीएम से ...

प्रशासनिक विषयों पर चर्चा व क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई इस अवसर पर भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी प्रकाश पाल, पंच मूलचंद टंडन, संतराम धुव्र, जितेंद्र साहू, आदि उपस्थित थे।

# डीके कॉलेज में हुई स्किल डवलपमेंट ट्रेनिंग, विद्यार्थियों को मिला रोजगारपरक प्रशिक्षण

## एक माह तक चला प्रशिक्षण, डिजिटल स्किल्स से लेकर ऑफिस मैनेजमेंट तक दी गई ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बलौदाबाजार के शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षा के साथ कौशल विकास को भी बढ़ाने का काम किया जा रहा है ताकि जब छात्र छात्रायें यहाँ से शिक्षा ग्रहण कर निकले तो उन्हें रोजगार के लिए भटकना न पड़े और वे स्वयं अपना रोजगार कर सकें या तत्काल उन्हें रोजगार उपलब्ध हो सके इसको लेकर विशेष प्रशिक्षण कराकर छात्र-छात्राओं को स्किल डवलपमेंट का कोर्स भी कराया जा रहा है। एक महीने तक चलने वाले स्किल एनहांसमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम के समापन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को कार्यालय प्रबंधन से लेकर डिजिटल स्किल तक की जानकारी दी गई। साथ ही कॉलेज की डाटा को अपडेट कराया गया। बच्चों को स्केल के साथ उन्हें 2000 रुपए का इस्टाइफंड भी दिया गया। बलौदाबाजार स्थित शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 21 जुलाई से 22 अगस्त तक स्किल एन्हांसमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया, जिसमें विद्यार्थियों को आधुनिक कार्य प्रणाली और तकनीकी ज्ञान से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान ऑफिस मैनेजमेंट, ऑटोमेशन, रियल टाइम वर्किंग, वेब पोर्टल्स डेटा एंट्री और वैलिडेशन, एमएस ऑफिस टूल्स पर विशेष फोकस किया गया। इसके साथ ही सोशल साइंसेस का महत्व, करियर संभावनाएं और फाइनेंशियल मैनेजमेंट जैसे विषयों पर भी विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया

### प्रशिक्षण को जोड़ा गया रोजगार से

कॉलेज की हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉली शुक्ला ने बताया कि प्राचार्य डॉ. ए.आर.सी. जेम्स के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य यह था कि छात्रों को शिक्षा के साथ रोजगार के लिए तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह शुरुआत है, आगे और भी विस्तृत और तकनीकी कोर्स कराए जाएंगे, ताकि किसी विद्यार्थी को डिग्री के बाद रोजगार के लिए भटकना न पड़े।



### छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी

प्रशिक्षण में हिस्सा लेने वाले प्रमुख छात्र-छात्राओं में निखिल, धनेश, सुरेश, रवि, कृष्णा, रेवती, अंजली, स्वाति, किरण, आकांक्षा, शिवानी आदि शामिल रहे। समापन अवसर पर प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया गया। इस दौरान प्राचार्या डॉ. ए.आर.सी. जेम्स, डॉ. ए.के. उपाध्याय, डॉ. आर. मिश्रा, डॉ. ए.के. अवधेलिया, डॉ. रीता यादव, डॉ. राजेन्द्र वर्मा, अभिषेक बंजारे, राजेश कोमलवर, सिम्मी मिंज, स्वप्निल वर्मा समेत कई शिक्षक व स्टाफ उपस्थित रहे।

## प्रकरणों के त्वरित निराकरण और मानवीय सुविधाओं में सुधार के दिए निर्देश

# मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक, निरीक्षण में मिली कई खामियां

## जिला जेल, अस्पताल, छात्रावास, वृद्धाश्रम और स्कूलों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





छत्तीसगढ़ मानव अधिकार आयोग की टीम शुक्रवार को जिला प्रवास पर बलौदाबाजार पहुंची। आयोग के अध्यक्ष गिरिधारी नायक ने सर्किट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और तेजी से निराकरण के निर्देश दिये। बैठक में आयोग के सदस्य गोविन्द कुमार सिंह, संयुक्त सचिव संजय अग्रवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, एसपी भावना गुप्ता उपस्थित थे।

अध्यक्ष श्री नायक ने श्रमिकों को बंधक बनाए जाने की घटना का समुचित तरीके से समन्वय एवं वापसी के प्रयास, जिला कोषालय में पेंशन, भविष्य निधि भुगतान के लंबित प्रकरणो के निपटान में तेजी लाने कहा। उन्होंने डॉग बाइट एवं रेबीज के बढ़ते मामले को गंभीरता से लेते हुए श्वानो की संख्या नियंत्रण हेतु जरूरी उपाय करने कहा। कुष्ठ एवं टीबी बीमारी के उन्मूलन हेतु चलाए जाने वाले अभियानो की सतत मॉनिटरिंग करने तथा छात्रावासो में छात्रों की संख्या अनुसार पर्याप्त संख्या में शौचालय की व्यवस्था करने कहा। इसके साथ ही जर्ज़र स्कूल एवं आंगनबाड़ी भवनों से बच्चों को शिफ्ट करने और भवन को दिसमेंटल कर नवीन भवन निर्माण के प्रस्ताव देने के निर्देश दिये। कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि बैठक में दिये गये निर्देशो का सभी अधिकारी अनुपालन करते हुए बेहतर प्रयास करें ताकि लोगों का जीवन बेहतर हो।

आयोग की टीम ने बलौदाबाजार स्थित जिला जेल का निरीक्षण कर जेल प्रशासन एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बंदियों के बैरक में उनके अपराध एवं सुनवाई के सम्बन्ध में पूछ - ताछ की। पाकशाला में भोजन की गुणवत्ता का भी जायजा लिया गया। इसके साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसनिंग क्रक्ष का भी अवलोकन किया गया। जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान सीटी स्केन, पैथोलॉजी, डायलीसिस यूनिट, मेडिसिन रूम, एमसीएच भवन एवं शव परीक्षण क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया। टीम के द्वारा वृद्धाश्रम में बुजुर्गो से मुलाक़ात कर हालचाल पूछते हुए सुविधाओं की जानकारी ली गई। इसके साथ ही मिडिल स्कूल लिमाही, पोस्ट मेट्रिक छात्रावास बलौदाबाजार एवं रानी लक्ष्मी बाई वार्ड में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 का भी निरीक्षण किया गया।

### वूमेन फॉर ट्री कैंपेन का शुभारंभ



**खरोरा।** नगर पंचायत खरोरा में विधायक अनुज शर्मा ने “वूमेन फॉर ट्री केंपेन” का शुभारंभ पौधारोपण कर किया। यह अभियान “एक पेड़ माँ के नाम” पहल के अंतर्गत अमृत मिशन 2.0 और डे-एनयूएलएम योजनाओं के सहयोग से संचालित होगा। इसके तहत महिला स्वसहायता समूहों को पौधारोपण व देखभाल की जिम्मेदारी एक वर्ष के लिए सौंपी गई है। विधायक ने कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ महिलाओं को सामाजिक नेतृत्व का अवसर देगी। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता सोनी, उपाध्यक्ष सुमीत सेन, पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### 5 दिवसीय गणित प्रशिक्षण का तीसरा दिन रहा उत्साहपूर्ण

**खरोरा।** कार्मल पब्लिक स्कूल तुलसी तिल्दा में आयोजित पांच दिवसीय गणित प्रशिक्षण का तीसरा दिन शिक्षकों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी रहा। इस दौरान अभाज्य संख्याएं, सार्व गुणज और सर्व गुणांक खंड जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बताया कि प्रशिक्षण से गणित को सरल व रोचक तरीके से विद्यार्थियों तक पहुंचाना आसान होगा। प्रशिक्षकों ने खेल और गतिविधियों के माध्यम से गणितीय अवधारणाओं को समझाने की पद्धतियां बताईं। कार्यक्रम नोडल प्रभारी कौशल वर्मा और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रतिनिधि तरुण देवांगन ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिक्षण पद्धतियों को और प्रभावी बनाते हैं।



# तीज मिलन कार्यक्रम के बाद मंदिर परिसर में फैली गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



महिला मंडल द्वारा पलारी के सिद्धेश्वर मंदिर परिसर, बालसमंद में तीज मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद मंदिर परिसर में जगह-जगह नाश्ते के पैकेट, डिस्पोजल प्लेट, पत्तल, गिलास और प्लास्टिक की बोतलें बिखरी हुई देखी गईं। पूरा परिसर कचरे से पट गया।

विशेष बात यह है कि सिद्धेश्वर मंदिर राष्ट्रीय पुरातात्विक तात्विक धरोहर के रूप में संरक्षित घोषित किया गया है और मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार के आयोजन पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद यहां तीज मिलन समारोह आयोजित किया गया और कार्यक्रम के बाद गंदगी फैलाई गई।

## पोला आज...

**खरोरा।** कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ में किसानों का प्रमुख पर्व पोला इस वर्ष 23 अगस्त को भाद्रपद अमावस्या पर परंपरागत उत्साह से मनाया जा रहा है। बैल, जिन्हें खेती का अभिन्न साथी माना जाता है, इस दिन विशेष पूजा-अर्चना के पात्र होते हैं। बैलों को सजाकर उन्हें माला पहनाई जाती है और ठेठरी, खुरमी, बोबरा, अईरसा जैसे व्यंजन अर्पित किए जाते हैं। जिनके पास बैल नहीं होते वे मिट्टी के बैलों की पूजा करते हैं। महिलाएं इस अवसर पर परिवार और समाज के साथ मिलकर उत्साहपूर्वक पर्व मनाती हैं। पोला त्यौहार न केवल किसानों का आभार प्रकट करता है, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत बनाए रखता है।



# किसानों को मिला लंबित मुआवजा, संघर्ष की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

ग्राम मलुहा, के भूधारक किसानों को 24 वर्षों से डूबी हुई भूमि के लिए लंबित मुआवज़ा आखिरकार मिल गया। यह मुआवज़ा भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ द्वारा 6 अगस्त से इंदिरा मार्केट बिलाईगढ़ परिसर में आयोजित अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन के बाद प्रशासन द्वारा जारी किया गया। प्रदेश सचिव मनीष चेलक ने इस आंदोलन में अपने लंबे संघर्ष और दृढ़ संकल्प से किसानों के हक की मांग की। उन्होंने बताया कि इस दौरान कई बार अकेलेपन का सामना करना पड़ा, लेकिन हौसला अडिग रहा।

मनीष चेलक ने कहा कि हमारे लंबे संघर्ष, धैर्य और सच्ची लड़ाई ने आखिरकार परिणाम दिया। यह सिर्फ कागज़ी जीत नहीं है, बल्कि हर उस कदम की पहचान है जो हमने सत्य और न्याय के लिए उठाया। किसानों को मुआवजा मिलने से राहत मिली और उनके लंबे संघर्ष का परिणाम सामने आया। इस आंदोलन ने यह साबित किया कि सच्चाई और न्याय के लिए उठाई गई आवाज़ कभी अनसुनी नहीं रहती। यह जीत केवल किसानों के हक की प्राप्ति ही नहीं, बल्कि न्याय और अधिकार के लिए नई शुरुआत का प्रतीक भी है।



### नपा जनप्रतिनिधियों ने मणिकांचन केन्द्र में किया पौधारोपण

**कसडोल।** नगर के मणिकांचन केन्द्र में एक पेड़ मां के नाम के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू उपाध्यक्ष डॉ.सुदीप मानिकपुरी सहित पार्षदों ने 300 से ज्यादातर फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। आपको बता दे कि योग माया स्व सहायता समूह और सखी सहेली स्व सहायता समूह के द्वारा दोनों समूहों ने 600 से अधिक पौधे लगाया गया। जिनको रख रखाव की जिम्मेदारी इन्हीं दो महिला समूह को दिया गया। उल्लेखनीय है कि भाजपा सरकार द्वारा महिला समूहों को 8 हजार मानदेय देंगी साथ ही 1 हजार जिओ टैगिंग का दिया जायेगा। साथ ही प्रतिदिन इस पौधों की देख रेख और सुरक्षा की जिम्मेदारी दिया गया है जहां सर्वप्रथम नगर पंचायत कसडोल के जनप्रतिनिधियो ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर नगर पंचायत के कर्मचारी भी मौजूद रहे।



## 25 सौ वर्गफुट में बनेगा महतारी सदन

# 5 महतारी सदन को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- 5 महतारी सदन हेतु 1 करोड़ 50 लाख रुपये जारी

प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सा मू हि क भागीदारी तथा म हि ला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयास से 166 महतारी सदन की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है जिसमें 5 बलौदाबाजार -भाटापारा जिले के शामिल है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि 30 लाख की मान से जिले में 5 महतारी सदन निर्माण हेतु एक करोड़ 50 लाख रुपये की स्वीकृति जारी की गई है।



प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाया जाएगा। महतारी सदन बनाने की शुरुआत हो गयी है। पहले चरण में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में महतारी सदन बनना प्रारंभ किया जा रहा है व 5 साल में सभी ग्राम पंचायत में महतारी सदन बनेंगे। प्रदेश में बनने वाले महतारी सदन का निर्माण लगभग 25 सौ वर्गफुट में कराया जाएगा। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हाल, किचन और स्टोर रूम जैसी सुविधाएं रहेगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वाटर हार्वेस्टिंग भी किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमें बाउंड्रीवाल भी बनाये जाएंगे। महतारी सदन में सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के 5 विकासखंडों की 5 पंचायतों में महतारी सदन निर्माण के लिए 1 करोड़ 50 लाख रूपए स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम सरखोर, कसडोल के ग्राम गिरौद, भाटापारा के ग्राम केसला, पलारी के ग्राम वटगन एवं सिमगा के ग्राम कामता शामिल हैं।

# रेडियो श्रोता दिवस पर ओल्ड लिस्नर्स ग्रुप ऑफ छत्तीसगढ़ जोन का हुआ भव्य सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

रेडियो की परंपरा और संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से ओल्ड लिस्नर्स ग्रुप ऑफ छत्तीसगढ़ जोन द्वारा 20 अगस्त को रायपुर में रेडियो श्रोता दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ दिल्ली, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और झारखंड के रेडियो प्रेमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र मोदी (मैनेजिंग डायरेक्टर, ओल्ड लिस्नर्स ग्रुप) थे, जबकि अध्यक्षता बलौदाबाजार के वरिष्ठ श्रोता रामाधार पटेल ने की। आकाशवाणी रायपुर केंद्र के प्रमुख अधिकारी वी. राजेश्वर और पंकज मेश्राम सहित अनेक अधिकारी व उद्घोषक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



### रेडियो प्रेमियों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में रेडियो से जुड़े वरिष्ठ श्रोताओं रविन्द्र छाबड़ा (दिल्ली), मधुसूदन (महाराष्ट्र), मोहनलाल देवांगन, झावेन्द्र ध्रुव, अनिल तिवारी, रतन जैन आदि को लिस्नर्स अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. चम्पेश्वर गिरि गोस्वामी ने रोचक अंदाज में किया, वहीं पवन छिब्बर ने ‘बिनाका गीतमाला’ की शैली में अमीन सायानी की आवाज में प्रस्तुति देकर नोस्टाल्जिया का माहौल बना दिया। कार्यक्रम में आकाशवाणी के अधिकारियों और श्रोताओं के बीच रेडियो माध्यम की महत्ता पर विचार साझा किए गए। यह आयोजन न केवल मनोरंजन और स्मृतियों का संगम बना, बल्कि रेडियो संस्कृति के पुनर्जीवन की दिशा में एक सराहनीय पहल भी सिद्ध हुआ।

### 26 किस्मों की देसी धान की खेती पूरी तरह जैविक तरीके से की गई

# कल्प संस्था ने कराया देसी धान का प्रदर्शन मिट्टी, पानी और परंपरा की पुनर्खोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



ग्राम पंचायत अर्जुनी (म) के आश्रित ग्राम सरायपाली में कल्प समाज सेवी संस्था की प्रेरणा से किसान संतोष कुमार जगत एवं दुकालू राम के खेत में 26 प्रकार की देसी धान की प्रदर्शनी खेती की गई। यह रोपाई लाइन विधि से की गई है, जिसमें पूर्णतः जैविक विधि अपनाई गई और केवल जैविक खाद का उपयोग किया गया।

परंपरागत देसी बीजों को पुनर्जीवित करना। आज के दौर में हाइब्रिड बीजों और रासायनिक खादों के अत्यधिक प्रयोग से न केवल भोजन का स्वाद प्रभावित हुआ है, बल्कि स्वास्थ्य, मिट्टी की उर्वरता और पानी की शुद्धता पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है।

**पानी की पुकार से लेकर मिट्टी की भी हुई बात:**

मिट्टी केवल उत्पादन का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन की कोख है। रासायनिक खादों और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से इसकी जैविक संरचना नष्ट हो रही है। कल्प संस्था का मानना है कि देसी बीजों और जैविक विधियों से खेती करने पर मिट्टी की सेहत सुधरती है, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपजाऊ भूमि सुरक्षित रहती है। खेती में पानी का उपयोग जितना आवश्यक है, उतना ही संवेदनशील भी। हाइब्रिड बीजों और रासायनिक खेती से जल स्त्रोतों में प्रदूषण बढ़ता है और भूजल स्तर गिरता है। देसी धान की किस्में कम पानी में भी पनपने की क्षमता रखती हैं, जिससे जल संरक्षण संभव होता है। यह प्रदर्शनी खेती जल के प्रति संवेदनशीलता और सम्मान का प्रतीक है।

**संस्था का संदेश:** कल्प संस्था किसानों को प्रदर्शनी खेती के माध्यम से देसी धान की ओर लौटने के लिए प्रेरित कर रही है। यह प्रयास जल, जमीन, पर्यावरण, भोजन और स्वास्थ्य के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्था का मानना है कि जैविक खेती न केवल टिकाऊ है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी लाभकारी है।

# बांस आभूषण व शिल्पकला निर्माण का दिया प्रशिक्षण


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



वन मंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील के मार्गदर्शन में स्थानीय कमार और बसोड़ परिवार के सदस्यों को पारंपरिक बांस आधारित शिल्पकला एवं बांस आभूषणों के निर्माण संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन वन विभाग द्वारा बारनवापारा में गुवाहाटी असम के बांस कला विशेषज्ञों के सहयोग से किया जा रहा है।

उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में बलौदाबाजार - भाटापारा जिले के ग्राम बल्दाकछार से 06, ठाकुरदिया से 14 एवं बारनवापारा से 16 सहित कुल 36 हितग्राहियों को 02 चरणों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम मूल रूप से विशेष पिछड़ी जनजातियों के आजीविका के संसाधनों में पारंपरिक मूल्यों को संजोकर वृद्धि करना है। प्रशिक्षण के पश्चात हितग्राही परिवारों द्वारा निर्मित बांस के आभूषणों एवं शिल्पकला को प्रदेश के साथ साथ देश के विभिन्न स्थानों पर भी बाजार उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। इस प्रशिक्षण का आयोजन हितग्राहियों को दक्ष करने के साथ साथ, विशेष पिछड़ी जनजातीय समुदाय को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।








सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
22 अगस्त 2025 SHOW TIME
वार-2 शो समय -12:00, 3:00, 9:00 PM
मोही डारे-2 शो समय -12:00 PM
साम्राज्य शो समय -03:00 PM
कुली शो समय -03:00, 9:00 PM
महावतार नरसिम्हा शो समय - 6:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# यूरिया की कालाबाजारी जोरों पर, किसान हुए बेबस व लाचार : इन्द्र साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

क्षेत्र में यूरिया खाद की भारी किल्लत और कालाबाजारी के चलते किसानों की हालत बदतर हो गई है। सरकारी सोसाइटियों में यूरिया उपलब्ध नहीं होने के कारण किसान मजबूरी में निजी दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर हैं। इस स्थिति को लेकर क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव ने सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार किसानों के हित की बातें तो करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर उन्हें खाद तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है।

विधायक ने कहा कि पहले डीएपी खाद की कमी से किसान परेशान थे और अब यूरिया के लिए मारामारी मची है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूरिया की कालाबाजारी करने वाले माफियाओं को सरकार का संरक्षण प्राप्त है और प्रशासन महज कागजी कार्रवाई कर रहा है। विधायक साव के अनुसार, 266 रुपए में मिलने वाला यूरिया अब 800 रुपए से ज्यादा में बिक रहा है, जिससे किसान दोहरी मार झेल रहे हैं—एक तरफ खाद की किल्लत और दूसरी ओर महंगाई की मार।

## जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों को मिल रहा सत्ता का संरक्षण

### सरकारी तंत्र की लापरवाही, माफियाओं के हौसले बुलंद

यूरिया की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने जिला प्रशासन ने कई बार आदेश जारी किए, लेकिन अब तक किसी बड़े विक्रेता या जमाखोर पर कार्रवाई नहीं हुई है। इससे साफ है कि माफियाओं को न डर है, न किसी सख्ती का सामना करना पड़ रहा है। नतीजा ये है कि किसान अपनी मेहनत की कमाई लुटा रहे हैं और फसलें बर्बादी की कगार पर हैं।

■ विधायक इंद्र साव ने सरकार पर लगाया गंभीर आरोप



### विधायक की चेतावनी और मांग

विधायक इंद्र साव ने कहा कि यदि जल्द ही यूरिया की आपूर्ति नहीं सुधारी गई तो अंचल में खरीफ फसलों का उत्पादन प्रभावित होगा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि किसानों को राहत पहुंचाने के लिए तुरंत यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जमाखोरों पर कड़ी कार्रवाई हो और सहकारी समितियों में पर्याप्त भंडारण किया जाए।

## खबर संक्षेप

### विजयी रथः जीत के सफर' कार्यक्रम में बालमन को मिली नई दिशा



खरोरा। आज शा हाई स्कूल मांठ वि ख तिल्दा में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल के प्रयाश, से माननीय मुख्यमंत्री की एक अनूठी पहल विजयी रथ जीत के सफर कार्यक्रम में जलिाधीश डॉ गौरव कुमार सिंह सर के नेतृत्व में, सी शर्मा सर एवं उनकी कर्मठ टीम द्वारा पास्को एक्ट, बाल श्रम, नशा मुक्ति, सीपीआर कैसे दिया जाय, ट्रैफिक नियम की जानकारी, और कैरियर कॉउंसिल में अपना लक्ष्य का निर्धारण करते हुए जीवन मे सफलता की सीढ़ी पर आगे बढ़ने जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी छोटे से बालमन मे जिज्ञाषा उत्पन्न करके उन्हें पाने के प्रयास की बहुत ही सुन्दर प्रस्तुति एवं जानकारी दी गयी। इसके लिए शा. हा. स्कूल मांठ के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ़ द्वारा माननीय मुख्यमंत्री, जिलाधीश महोदय और जिलापंचायत अध्यक्ष को आभार प्रगट करता है।

### बरभाठा में मनाई जाएगी बालक दास की जयंती

**झलप।** ग्राम बरभांठा में 24 अगस्त को संतशिरोमणी गुरु घासीदास बाबा के द्वितीय पुत्र गुरु बालक दास बाबा की जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम में महासमुंद विधायक योगेश्वर सिन्हा शामिल होंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 3 बजे होगा। इस दौरान देवेन्द्र राय सिंघनपुर सरपंच प्रतिनिधि, रामेश्वरउपस्थित थे।

## निधन

### खोरबाहरा राम साहू



**पलारी।** चरौदा निवासी खोरबाहरा राम साहू (75) का आकस्मिक निधन गुरुवार को हो गया जिनका अन्तिम संस्कार गृह ग्राम चरौदा के मुक्तिधाम में किया गया। जहां पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित कि वे राजकुमार साहू व राजु साहू के पिता जी थे।

### शशि प्रभा मिश्रा



बलौदाबाजार। इंदिरा कॉलोनी निवासी डाकघर अभिकर्ता शशि प्रभा मिश्रा (70) का गुरुवार सुबह निधन हो गया। वे बीते कुछ माह से अस्वस्थ थीं। अंतिम संस्कार गुरुवार दोपहर रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित थे। वे बिलाईगढ़ निवासी स्वर्गीय परमेश्वर दयाल मिश्रा की पुत्री थी।

## आयोजन : सशिमं में हुआ संकुल स्तरीय खेलकूद व सांस्कृतिक महोत्सव

# 170 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा विजेताओं को सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

सरस्वती शिशु मंदिर कड़ार में आयोजित संकुल स्तरीय खेलकूद व सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति राजा जायसवाल, भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री खुमान सिंह वर्मा, समिति अध्यक्ष रामानुज ठाकुर, आचार्य दीनबन्धु दुबे, स्कूल स्टाफ व बड़ी संख्या में अभिभावक, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कड़ार के लेवई खेल मैदान में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों जैसे खो-खो, कबड्डी, गोल फेंक व दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें कड़ार, निपानिया, मल्दी और सिंगारपुर के लगभग 170 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि राजा जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा और संस्कार का संगम है। यहां छात्रों को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से विकसित किया जाता है ताकि वे राष्ट्रहित से ओतप्रोत संस्कारवान पीढ़ी का निर्माण करें। उन्होंने जीवन में खेलकूद के महत्व पर बल देते हुए विद्यार्थियों से खेलों के प्रति रुचि बनाए रखने की अपील की।

समापन समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, गीत, नाट्य प्रस्तुति व वाद्ययंत्रों की धुन पर बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इन प्रस्तुतियों ने न केवल छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को मंच पर जीवंत किया, बल्कि छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को भी नई उड़ान दी।

## पारंपरिक खेलों और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन



### विद्यार्थियों का हुआ उत्साहवर्धन

कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सील्ड प्रशस्तिपत्र और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए स्कूल परिवार, अतिथिगण और पालकों ने तालियों से उनका स्वागत किया। आयोजन में आचार्य-दीदी, सरपंचगण, जनप्रतिनिधि और पालकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की, इस दौरान दीनबन्धु दुबे, सुंदर यदु, डोमन देवांगन, हितेंद्र वैष्णव, पद्मिनी पाठक, दुखहरण वैष्णव, शिवम देव पांडेय, जगदीश वर्मा सहित बड़ी संख्या में पालकगण कार्यक्रम में शामिल रहे।

## रजत जयंती के अवसर पर हुआ खेल महोत्सव



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के पर्यवेक्षण में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर बलौदाबाजार परियोजना अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पनगांव में खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें बालिकाओं को खो-खो, कबडडी,कुर्सी दौड़, 100 मीटर दौड एवं अन्य गतिविधियां कराई गई। विजेता प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिये मेडल एवं शील्ड प्रदान किया गया।

इसी तरह कसडोल परियोजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटौद, परियोजना पलारी अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतोरा एवं परियोजना सिमगा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करही में मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत बालिका सुरक्षा माह के अनुक्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं महिला सशक्तिकरण केंद्र की टीम द्वारा जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।इसमें बालिकाओं की अपराध के प्रति संवेदनशीलता तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की वर्तमान प्रासंगिकता के बारे में छात्रों को जानकारी प्रदान की गई।



## अंचल में खाद की किल्लत

# बिचौलियों से महंगे दाम पर खरीदने को मजबूर हुए किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसीवां

अंचल के किसानों की खेती की कमर खाद संकट ने तोड़ दी है। सरकारी वितरण केंद्रों पर खाद पूरी तरह अनुपलब्ध है, जबकि निजी दुकानों में यूरिया और डीएपी न केवल उपलब्ध है, बल्कि दोगुने-तिगुने दामों पर खुलेआम बेचा जा रहा है। इससे किसान आर्थिक रूप से पिस रहे हैं और कृषि कार्यों पर भी असर पड़ रहा है।

■ किसानों ने विभागीय मिलीभगत और कालाबाजारी का लगाया आरोप

स्थानीय किसान परेशान हैं कि जब सरकारी दर पर 266 रुपये किलो में मिलने वाला यूरिया उन्हें 700-800 रुपये में खरीदना पड़ रहा है और डीएपी की कीमत सरकारी रेट 1350 रुपये के बजाय 1700 रुपये तक वसूली जा रही है। किसानों का आरोप है कि सरकारी सोसायटियों में खाद की अनुपलब्धता प्रशासन और बिचौलियों की साजिश है। जब किसान सरकारी सोसायटी पहुंचते हैं तो वहां के प्रबंधक डिमांड भेज दिए हैं, खाद नहीं आया जैसे जवाब देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। इस समस्या से जनप्रतिनिधि भी दूरी बनाए हुए हैं और प्रशासन मौन साधे बैठा है।

किसानों का कहना है कि निजी दुकानों में खाद की सहज उपलब्धता और सरकारी केंद्रों में लगातार किल्लत यह दर्शाता है कि ऊंचे स्तर पर मिलीभगत है। किसानों ने प्रशासन की चुप्पी और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता पर भी सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से कालाबाजारी पर रोक, निगरानी व्यवस्था लागू करने, और प्रत्येक सोसायटी में पर्याप्त खाद आपूर्ति की मांग की है।

### पिछले साल और इस साल की आपूर्ति में भारी गिरावट

मनपसार सोसायटी के सूत्रों के अनुसार पिछले वर्ष 10 गाड़ियां यूरिया (5600 बोरी) और 4 गाड़ियां डीएपी (2240 बोरी) प्राप्त हुई थीं। जबकि इस साल अभी तक केवल 3300 बोरी यूरिया और 1120 बोरी डीएपी ही प्राप्त हुई है। सोसायटी प्रबंधक अश्वनी साहू ने बताया कि खाद की आपूर्ति पिछले साल की तुलना में काफी कम है, लेकिन जैसे ही खाद आता है, उसे तुरंत वितरित कर दिया जाता है।

## मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन करेगी पांच सौ जरूरतमंद बच्चों का सम्मान

**बलौदाबाजार।** मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति प्रदेश के सभी जिलों के लगभग पांच सौ से अधिक जरूरतमंद बच्चों का सम्मान करेगी। प्रदेश के अलग-अलग विभागों से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस समिति का गठन किया है। इसके तहत दसवीं और बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जरूरतमंद बच्चों को चेक देकर सम्मानित किया जाएगा।

संचालक मंडल के पदाधिकारी टेकराम साहू एवं दिनेश कुमार साहू ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को मदद करने के उद्देश्य से इसका गठन किया गया है। इसके लिए प्रदेशभर में अभियान चलाकर फंड एकत्रित किया गया है। इसके माध्यम से बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए भी आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी। इसमें इंजीनियरिंग, मेडिकल के अलावा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों का खर्च उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर के मधु पिल्लै चौक स्थित विमतारा भवन में इस प्रोत्साहन समारोह का आयोजन रविवार 24 अगस्त को किया जा रहा है।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की प्रतिमा पर कालिख पोतने की निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

जिले के पलारी विकासखंड के ग्राम जर्वे में हुई एक शर्मनाक घटना ने पूरे समाज को स्तब्ध कर दिया है। जहां एक ओर हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ असामाजिक तत्वों ने उनकी प्रतिमा को कालिख पोतकर हमारे इतिहास और गौरव को धूमिल करने का घृणित कार्य किया है। यह कृत्य सिर्फ एक पत्थर की मूर्ति का अपमान नहीं, बल्कि उन महान आत्माओं का अनादर है, जिन्होंने हमें आज़ादी की सांस दी। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर पलारी क्षेत्र के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील कुर्रे ने अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उनकी प्रतिक्रिया इस बात को दर्शाती है कि यह घटना कितनी गंभीर और संवेदनशील है।

कुर्रे ने कहा, यह सिर्फ एक प्रतिमा का अपमान नहीं है, यह उन लाखों शहीदों के बलिदान का अपमान है जिन्होंने देश को गुलामी से मुक्त कराने के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। यह कृत्य हमारे राष्ट्र के सम्मान पर एक गहरा घाव है।



■ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने घटना को अंजाम देने वाले असामाजिक तत्वों का किया विरोध

उन्होंने आगे कहा कि ऐसी घिनौनी हरकतें हमारे समाज में नफरत और वैमनस्य को बढ़ावा देती हैं। जो लोग हमारे गौरवशाली इतिहास से छेड़छाड़ कर रहे हैं, वे देश के मूल्यों पर हमला कर रहे हैं। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम अपने इतिहास और विरासत का सम्मान करना भूलते जा रहे हैं?सुनील कुर्रे ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से त्वरित और कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा, दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह का दुस्साहस न करे।

यह घटना हमें केवल प्रशासन पर ही निर्भर रहने की सीख नहीं देती, बल्कि समाज के हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराती है। हमें अपने शहीदों और महापुरुषों की विरासत को सुरक्षित रखने के लिए एकजुट होना होगा।

स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं और स्मारक केवल कलाकृतियां नहीं, बल्कि शालिग्राम चंद्रवंशी, चौबीस राम चंद्रवंशी, झालू राम चंद्रवंशी ये तीनों हमारे प्रेरणा के स्रोत हैं। ये हमें याद दिलाते हैं कि स्वतंत्रता हमें आसानी से नहीं मिली है, बल्कि यह हमारे पूर्वजों के कठिन संघर्षों और बलिदान का परिणाम है।

# अग्रवाल महिला मंडल ने मनाया जन्माष्टमी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

अग्रवाल महिला मंडल द्वारा कृष्ण जन्मोत्सव पर जन्माष्टमी का आयोजन किया। महिलाओं व बच्चों ने झूले का भी आनंद उठाया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों व महिलाओं के लिए विभिन्न खेल और प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें, रस्सी कूद, ताश-पत्ती का खेल, मटका फोड़, क्विज़, ड्रॉइंग प्रतियोगिता, ड्रेस प्रतियोगिता शामिल थे। प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों और महिलाओं को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सभी ने मिलकर भजन-कीर्तन व पूजा-अर्चना की और प्रसाद वितरण हुआ। इस मौके पर समाज के सभी सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से कृष्णा अग्रवाल, माया अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, रंजना अग्रवाल, विजयलक्ष्मी अग्रवाल, अंगूरी अग्रवाल, नीना अग्रवाल, उर्मिला अग्रवाल, कृष्ण- जुगल अग्रवाल, माया- वीरेंद्र अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, सुचिता अग्रवाल, मोना अग्रवाल मैं अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। महिला मंडल की सक्रियता और सामूहिक प्रयास से कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। समाज के सभी सदस्यों ने इस आयोजन को सराहा और भविष्य में भी इसी तरह से सांस्कृतिक कार्यक्रम करने का संकल्प लिया।



# विश्व आदिवासी दिवस पर निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्राम मल्दी में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौरी गौरा चौक से कलश यात्रा के साथ हुई। यह यात्रा मंदार की थाप पर गली-गली भ्रमण करते हुए मां मावली चौक पहुंची। इसके बाद कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी, शहीद वीर नारायण सिंह एवं भोले बाबा की छवि पर माल्यार्पण और तिलक कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम वर्मा उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में ग्राम पंचायत सरपंच भारती वर्मा, छत्तीसगढ़ शासन के सेवानिवृत्त रेंजर नंद कुमार ध्रुव, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि दौलत कुंज एवं वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए।



मुख्य अतिथि भोलाराम वर्मा ने सर्व आदिवासी समाज एवं ग्राम इकाई को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। वहीं सरपंच श्रीमती भारती वर्मा ने आगंतुक अतिथियों और सर्व आदिवासी समाज का आभार व्यक्त किया। आकाशवाणी-दूरदर्शन के लोक कलाकार लीलू मरावी एवं सीता ध्रुव ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक संदर्भों से जोड़ते हुए बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 1954 में इस दिवस को मान्यता दी गई थी। तब से आदिवासी समाज जल-जंगल-जमीन की रक्षा और अपनी परंपराओं को जीवित रखते हुए इसे पूरे देश-प्रदेश में मनाते आ रहे हैं।

लोक कलाकारों ने शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान का स्मरण किया तथा कर्मा, सुआ, ददरिया, रिलो जैसी लोक परंपराओं की महत्ता पर प्रकाश डाला। रात्रिकालीन सत्र में सांस्कृतिक लोक कला मंच संगवारी की शानदार प्रस्तुति हुई। कुमारी सीता ध्रुव एवं संगवारी परिवार ने टोला-टोला सुमर- सुमर के मानव का मोर बूढ़ा देवल गीत की प्रस्तुति से पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया। मावली माता चौक बूढ़ा देवी की जय के घोष से गूंज उठा। ग्राम पंचायत के राय पंच राकेश ध्रुव, पुरुषोत्तम ध्रुव, दिनेश ध्रुव, नरेंद्र कुमार ध्रुव, कृष्ण कुमार ध्रुव, मनहरण, भगवती, धीरजी, फिरंता ने विशेष सहयोग प्रदान किया। अंत में ब्लॉक इकाई से आए साहू ने मंच एवं सर्व आदिवासी समाज को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस तरह ग्राम मल्दी में विश्व आदिवासी दिवस परंपरा, संस्कृति और एकता के साथ ऐतिहासिक रूप से दर्ज किया गया।

